तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025

12 गुरु की ज्ञान रुपी गंगा में स्नान से शिष्य के जीवन में आता है ...



11 ब्लॉक में 10 स्थानों पर बाल संस्कार शालाएं प्रारंभ की गई





## खबर संक्षेप

### प्रथम सावन सोमवार आज शिवालय सज कर तैयार



**दल्लीराजहरा।** सावन माह का पहला सोमवार आते ही दल्लीराजहरा सहित पूरे क्षेत्र के शिव मंदिरों में भक्ति और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। भक्तों ने सुबह से ही भोलेनाथ के दर्शन के लिए मंदिरों का रुख किया। दल्लीराजहरा के शिवालयों को रंग-बिरंगे फूलों, झालरों और रोशनियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। स्थानीय शिव मंदिर, महामाया मंदिर परिसर और सिद्ध बाबा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। जगह-जगह कांवड़ यात्रियों के लिए जलाभिषेक की व्यवस्था की गई है। मंदिरों में ओम् नमः शिवाय के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर समितियों और स्थानीय प्रशासन द्वारा साफ-सफाई, पेयजल एवं सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही श्रद्धा और उत्साह चरम पर है। आज सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ और आयोजन की भव्यता देखने को मिलेगी!

### दो बाइक की भिड़ंत में तीन की हालत गंभीर

**बालोद।** शहर के गंजपारा मे दो बाईको मे भिडंत हो गई, भिड़ंत इतनी खतरनाक थी की दो बाईको मे बैठे तीन लोग बुरी तरह से घालय हो गए और तीनो को गंभीर चोटे आई है जिसके बाद आस पास के लोगो द्वारा उन्हे पहले जिला अस्पताल उसके बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के थाने मे पदस्थ जनक पिस्दा दोपहर के भोजन के लिए बाईक के माध्यम से अपने गंजपारा स्थित निवास जा रहे थे उसी दौरान शहर मे अर्जीनिवेश का काम करने वाले गोल्डी अग्रवाल व उनके साथ पीछे बैठे विनोद निशाद एक बाईक मे बैठकर झलमला से वापस शहर आ रहे थे इसी दौरान दोनो बाईको मे जबरदस्त भिड़ंत हो गई। दोनो बाईको मे इतनी जबरदस्त भिड़ंत थी की दोनो बाईको मे बैठे तीन लोग बाईक से उछलकर दूर जा गिरे जहां मौके मे मौजूद लोगो ने तुरंत सहायता करते हुए तीनो घायलो को 108 की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां तीनो की ही गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### 35 पौवा शराब जब्त एक युवक गिरफ्तार

**बालोद।** शहर के नयापारा से पड़कीभाट बायपास मार्ग पर अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहे युवक को बालोद पुलिस ने पकड़ा है तथा युवक के पास से 35 पौवा देशी प्लेन जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के नयापारा पड़कीभाट बायपास मार्ग पर ग्राम बिरेतरा निवासी मनीश कुमार अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहा था जिसकी जानकारी मुखबिरो के माध्यम से पुलिस को हुई जिसके बाद मौके पर मोर्चोबंदी कर पुलिस ने उक्त युवक को रास्ते मे रोककर पूछताछ की जिसके बाद युवक के पास रखे एक थेले की जांच पुलिस द्वारा की गई जिसमे पुलिस को 35 पौवा देशी प्लेन मिला जिसे पुलिस ने जब्त करते हुए युवक के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत कार्यवाही की।

### भागी दो नाबालिगों को पुलिस ने खोज निकाला

**भिलाई।** घर से बिना बताए गायब हुईं नाबालिग को पुलिस ने खोज निकाला। दोनों आपस में सहेलियां है। घर से ट्यूशन जाने के लिए निकली थीं। देर होने के बाद घर नहीं लौटीं। परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन दोनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों ने इसकी शिकायत भट्ठी पुलिस से की। दोनों लड़कियों की उम्र 14 वर्ष के करीब बताई गई है।

# सालों से अधूरी मांग, जान हथेली पर लेकर नदी पार करते नेवारीकला के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बारिश आरंभ होने के सांथ ही ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों की मुसीबतें आरंभ हो गई है। पिछले कुछ दिनो से हो रही लगातार बारिश से तांदुला नदी मे बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई, जिसमे पुल नही होने के कारण ग्रामीण जान जोखिम में डाल नदी पार कर रहे है, ग्रामीणें द्वारा कई माध्यमो से शासन प्रशासन को आवेदन व ज्ञापन देने के बाद भी ग्रामीणो की समस्याओ समाधान नही हो पाया।

जहां सालो से ग्रामीणो की एकमात्र प्रमुख मांग तांदुला नदी मे पुल है वह भी पूरा नही किया जा रहा है। तांदुला नदी के तट पर बसे ग्राम नेवारीकला की जिला मुख्यालय से दूरी गर्मी के मुकाबले बरसात मे दुगुनी हो जाती है, ग्रामीणो को 7 की जगह 14 किलोमीटर का सफर शासन प्रशासन की अनदेखी के वजह से तय करना पड़ता है, जहां वर्तमान में बारिश लग जाने पर नदी मे बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है, जिसको पार करना खतरो से खाली नही है और इसको पार करते समय पानी के तेज बहाव मे बह जाने का डर ग्रामीणो मे हमेशा बना रहता है। अपने साथ सब कुछ लेकर बह जाने को अमादा पानी की तेज धाराओ को ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणो को पार करना एक मजबूरी है, क्योकि वाहन चालक पानी मे अपना वाहन पार नही कर पाते इसलिए वे 7 की जगह 14 किलोमीटर की दूरी तय करते है, लेकिन सायकिल चालको को यह 14 किलोमीटर का सफर स्वयं के ताकत के दम पर तय करना होता है।

### लगातार बारिश से तांदुला नदी में बाढ़ जैसी स्थिति



#### जान जोखिम में डालने को मजबूर

ऐसे में इस दूरी को देखते हुए हर सायकिल चालक कंधे मे सायकिल उठाकर इन तेज पानी की धाराओ को पार करता है, जिसमे कई बार सामान के साथ स्वयं के बह जाने का डर रहता है, लेकिन फिर भी कम दूरी का मोह ग्रामीणो को जान जोखिम मे डालने पर मजबूर कर देता है। ग्राम के दुग्ध व्यापारी, कुम्हार परिवार, सब्जी व्यापारी, मजदूर, कर्मचारी, विद्यार्थी व दर्जनों ग्रामीण रोजगार के लिए हर दिन जिला मुख्यालय अपने अपने कामो से आते है, जहां गर्मी के दिनो मे नदी सुख जाने पर नदी मे बने अस्थायी रपटा के माध्यम से मात्र 7 किलोमीटर मे जिला मुख्यालय पहुंच जाते है, लेकिन बरसात के दिनो मे नदी की तेज धाराओ के कारण सफर 14 किलोमीटर होने से व्यापारियो के साथ हर वर्ग को कई दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। ग्राम नेवारीकला के ग्रामीण समझ ▸▸| शेष पेज 11 पर

## उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती किया, सभी खतरे से बाहर

# मुड़खुसरा व कठिया में पैरा फुटू खाने से महिला व युवक समेत 13 बच्चे बीमार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम मुड़खुसरा के एक ही परिवार के बच्चे बड़े मिलाकर कुल 13 लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए। घटना रविवार के सुबह दस बजे की है जब परिवार में पैरा में होने वाले मशरूम फुटू की सब्जी बनी व फूड पाइजनिंग के शिकार सभी लोगों ने थोड़ा थोड़ा मशरूम फुटू की सब्जी खाई। खाने के लगभग दो घण्टे बाद घर के सदस्यों को उल्टी की शिकायत होने लगी। फुटू सब्जी खाने वाले सभी को उल्टी की शिकायत के बाद सभी को नगर के शा अस्पताल में लाया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है। उल्टी की शिकायत के बाद अस्पताल आई रेवती बाई ने बताया कि सभी रिश्तेदार मृतक कार्यक्रम में एकत्रित हुए थे जो कि ग्राम के एक ब्यारा मे पैरा में मशरूम फुटू लगा हुआ था। जिसे तोड़कर घर लाया गया व घर की महिलाओं ने उसे पकाया।चूंकि फुटू कम मात्रा में ही था इसलिए घर मे उपस्थित बच्चे व बड़ो ने उसे थोड़े थोड़े मात्रा में खाया।खाने के बाद उल्टी की शिकायत शुरू हो गई।चूंकि बड़े पुरुष सदस्य काम के सिलसिले में ग्राम में ही अन्यत्र गए हुए थे इसलिए उन्होंने मशरूम फुटू नही खाया व वे उल्टी के शिकार नही हुए वही पुरूष सदस्यों में एकमात्र 15 वर्षीय युवक लीमेश ही शामिल था। वही बच्चो में दुर्गेश ,साक्षी व गीतिका शामिल थे बाकी सब बड़ी महिलाएं ही थी अस्पताल पहुंचने के बाद एक दो लोगो को दस्त की शिकायत भी हुई।वही सभी की स्थिति नियंत्रण में है।

#### इन लोगों को किया गया अस्पताल में एडमिट-

रमलाबाई 60 ,दुकाला बाई 65,,दुर्गेश 20,साक्षी 16 गीतिका 11, संगीता 32,बैसाखिन बाई 65,दशमत बाई 60, रेवती बाई 60,पुसई बाई 55 वर्ष सभी मुड़खुसरा, रमशीला बाई 60 वर्ष उरेटा, रुसिया बाई 35 एकमात्र युवक लीमेश 15 ग्राम कठिया शामिल हैं।

#### पीड़ितों की हालत नियंत्रण में

बी एम ओ डॉ विनोद चौरका ने बताया कि मशरूम फुटू संभवतः जहरीले प्रजाति का रहा होगा इसलिए फूड पाइजनिंग की शिकायत हो गई। सभी को ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। पीड़ितों को ड्रिप इंजेक्शन आदि से ट्रीटमेंट किया जा रहा है। सभी की स्थिति नियंत्रण में है।

## सीएम से निकाय कर्मचारियों ने की भेंट, मांग पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

नगरी निकाय कर्मचारी अपनी तीन सूत्री महत्वपूर्ण मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात किये। पूरे प्रदेश भर के नगरी निकाय कर्मचारी अपनी तीन सूत्री मूलभूत महत्वपूर्ण मांगों को लेकर लगातार पिछले एक सप्ताह भर से अपने–अपने स्थानीय निकायों में काली पट्टी लगाकर फील्ड और कार्यालयीन कार्यों को कर रहे थे और अपनी मांगों को लेकर नारा लगाते हुए आवाज बुलंद कर शासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का लगातार प्रयास कर रहे थे।

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरी निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि निकाय कर्मचारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण और जमीनी स्तर की तीन मांगे जिसमें महीने के पहली तारीख को वेतन का भुगतान करने, शासन के अन्य विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने और समय पद पदोन्नति प्रदान करने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर हम लगातार संघर्षरत है और लगातार शासन को अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रयास कर रहे थे। इसी बीच शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से संघ के पदाधिकारीयो को मुलाकात के लिए बुलावा आया था। संघ के प्रदेश पदाधिकारीयो द्वारा मुख्यमंत्री से उनके निवास में भेंट मुलाकात कर अपनी गंभीर और महत्वपूर्ण मांगों और समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। जिस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा निकाय कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से ▸▸| शेष पेज 11 पर

# पांच दिनों तक यदि बारिश नहीं हुई को कृषि कार्य होंगे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बारिश की रफ्तार थमती नजर आ रही है और अब मौसम विभाग ने जो अनुमान जारी किया है, वह किसानों के लिए और भी चिंता का विषय बन गया है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, दल्लीराजहरा सहित आसपास के क्षेत्रों में अगले 5 दिनों तक वर्षा की संभावना बेहद कम है।

कभी-कभार हल्की बूंदाबांदी हो सकती है, लेकिन अच्छी बारिश की कोई संभावना नहीं जताई गई है। इस समय खरीफ फसलों के लिए बारिश का होना बेहद आवश्यक है। धान की रोपाई का समय चल रहा है, और कई इलाकों में किसान अब तक बिचड़ा डाल चुके हैं या खेतों को तैयार कर रहे हैं। लगातार बारिश नहीं होने से खेतों में नमी की कमी देखी जा रही है, जिससे रोपाई कार्य प्रभावित हो सकता है।

### तब बढ़ेगी चिंता




कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि आगामी सप्ताह में अच्छी बारिश नहीं होती है, तो धान की फसल को नुकसान हो सकता है। साथ ही, सिंचाई सुविधा न होने वाले गांवों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। जिले के कृषि अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी है कि वे फिलहाल जल संरक्षण पर ध्यान दें और उपलब्ध पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करें। वहीं, प्रशासन द्वारा जलस्त्रोतों पर निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर सिंचाई सहायता की योजना बनाई जा सके।

**वैकल्पिक योजना बनाएं सरकार:** कई ग्रामीण क्षेत्रों के किसान संगठनों ने सरकार से अपील की है कि यदि मानसून की रफ्तार ऐसी ही रही, तो जल्द ही वैकल्पिक फसल बीमा या राहत योजनाओं की घोषणा की जाए। किसानों का कहना है कि पिछले वर्षों में सूखे की मार झेल चुके खेतिहर वर्ग को इस बार समय पर मदद मिले, यही उम्मीद है। अगले कुछ दिन क्षेत्र के लिए मौसम के लिहाज से निर्णायक साबित हो सकते हैं। प्रशासन, कृषि विभाग और किसान सभी की निगाहें अब आसमान पर टिकी हैं।

कांग्रेस की हाफ बिजली योजना से मिलने वाली राहत में कटौती, जनता की उपेक्षा

# बिजली दरों में वृद्धि भाजपा सरकार की जनविरोधी मानसिकता उजागर : साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



राज्य सरकार ने बिजली घरों में 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट बिजली दरों में बढ़ोतरी कर दी है। जिससे उपभोक्ता पर इसका सीधा असर पड़ेगा। बिजली दरो में बढ़ोतरी को प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार आम उपभोक्ताओं के जेब में डाका डाल रही है। पूर्व में हमारी कांग्रेस सरकार ने बिजली बिल हाफ और आधा माफ करने की योजना चलाई थी. जिससे प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को राहत मिल रही थी। उन्होंने कहा है कि स्मार्ट मीटर से पहले ही उपभोक्ताओं को ज्यादा बिजली बिल दिया जा रहा है।

**महंगाई से जूझते गरीबों को बिजली का झटका :** गरीबपरिवार पहले ही महंगाई से जूझ रहा है। अब बिजली दर में वृद्धि का खामियाजा गरीबपरिवारों को भुगतना पड़ता है। महंगी बिजली का असर उद्योग एवं दुकानों में भी पड़ेगा। श्री साहू ने कहा है कि प्रति यूनिट 10 पैसे से लेकर 20 पैसे बिजली बिल में बढ़ोतरी करके डबल इंजन की भाजपा सरकार ने आम आदमी को परेशानी में डाला है परेशान करने का काम किया है। राज्य सरकार बिजली बिल में कटौती वापस ले। जिसमें आम आदमी को राहत मिलसके।आगे कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्रति यूनिट 20 पैसे की बिजली दर वृद्धि का निर्णय बेहद निंदनीय है। यह फैसला प्रदेश की आम जनता, विशेषकर गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों और किसानों की जेब पर सीधी चोट है। उन्होंने ▸▸| शेष पेज 11 पर

### बिजली दर में वृद्धि, भाजपा ने की वादाखिलाफी : दामिनी



**अंडा।** जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू के कहा कि, 2023 विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने एक वादा किया था कि हम प्रदेश भाजपा कार्यालय की तरह 7 बिजली आपूर्ति एवम अनियमित बिजली बिलों से राहत सुनिश्चित करेंगे , लेकिन सत्ता में आने के बाद अब तक छत्तीसगढ़ में बिजली के दाम दोगुने तीन गुने बढ़ गए है मैं यह भाजपा सरकार से पूछना चाहूंगी कि सत्ता में आने के लिए यह सिर्फ एक जुमले बाजी थी और झूठे वादे थे ,सरकार ने फिर से बिजली दरों में प्रति यूनिट 10 से 20 पैसे की बढ़ोतरी करके गरीब किसान परिवारों को चिंता में डाल दिया है जो बिजली बिल 300 से 400 रुपए आते थे वो आज बढ़कर 1100 से 1200 रुपए आ रहे है इस तरह पहले ही महंगाई की मार झेल रही आम गरीब जनता को और परेशान करने का काम यह सरकार कर रही है , हमारे छत्तीसगढ़ के कोरबा में एनटीपीसी है यह वो कंपनी है जिसमे बिजली का उत्पादन होता है और जिस राज्य में बिजली बनती है आखिर उसी राज्य के लोगो को इतनी महंगी दामों में बिजली क्यों मिल रही है यह चिंता ▸▸| शेष पेज 11 पर

## डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट, लैब व एक्सरे टेक्नीशियन, एएनएम भी शामिल होंगे आंदोलन में

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 16 से हड़ताल पर, 17 को करेंगे विस का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- बेहतर वेतन, अनुकंपा जॉब सुरक्षा पे स्केल नई पेंशन स्कीम, दुर्घटना बीमा, चिकित्सा जैसी सुविधाओं से हैं वंचित

जिले के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 16 और 17 जुलाई को आंदोलन पर रहेगे। इसमें डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट, लैब व एक्सरे टेक्नीशियन, एएनएम सहित कार्यालयीन एवं अस्पतालों के सफाई और हाउस कीपिंग स्टाफ सम्मिलित है। इस आंदोलन के कारण टीबी, कुष्ठ, मलेरिया, टीकाकरण, लैब की जांचे, दवाई का वितरण, स्कूलों आगनबाड़ी में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण नवजात शिशु देखभाल केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र, बुजुर्गों की फिजियोथेरेपी, गाँव के आयुष्मान केंद्रों में ओपीडी, मौसमी बीमारियों की रोकथाम जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा को लेकर आम जन को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।




**अन्य राज्यों की तर्ज पर नहीं मिल रही सुविधाएं :** संघ से मिली जानकारी के अनुसार इसके माध्यम से शहरों से लेकर सुदूर ग्रामों तक में स्वास्थ्य सुविधाएं संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी प्रदान कर रहे हैं। सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन के साथ–साथ, केंद्र और राज्य की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ भी आम जनता को उनके द्वारा दिया जाता है, परंतु दुखद स्थिति यह है कि आज पर्यंत इन कर्मचारियों के बेहतर सामाजिक, आर्थिक सुरक्षा का प्रयास शासन प्रशासन द्वारा नहीं किया गया। पड़ोसी राज्यों जैसे मध्य प्रदेश, राजस्थान महाराष्ट्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत कर्मचारियों को बेहतर वेतन, अनुकंपा जॉब सुरक्षा पे स्केल नई पेंशन स्कीम, दुर्घटना बीमा, चिकित्सा परिचर्या जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं किंतु छत्तीसगढ में आज पर्यंत तक यह नहीं किया गया है। प्रदेश महासचिव कौशलेश तिवारी के अनुसार 2017 में भी भारतीय जनता पाटऍ की सरकार के समय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों ने आआंदोलन किया था इसके पश्चात कांग्रेस की सरकार जिसने सविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण का वादा भी किया था उसके कार्यकाल के दौरान भी 2020 में आआंदोलन हुआ परंतु उसमें भी सरकार ने कुछ नहीं किया और अब एक बार पुनः भारतीय जनता पाटऍ की सरकार मोदी की गारंटी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सत्ता पर काबिज है। मतलब पिछले कई वर्षों में तीसरी सरकार आ गई परंतु कर्मचारियों की स्थिति जरा की तस बनी हुई है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ही वर्ष 2024 के जुलाई माह में ध्यान ▸▸| शेष पेज 11 पर

# महिला को बाइक पर बिठाने पर परिजनों ने युवक को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- पति, देवर और दमाद के खिलाफ मामला दर्ज

अपने साथ काम करने वाली महिला सहकर्मी को काम समाप्त होने के बाद बाईक मे बैठाकर उसके घर छोड़ने जा रहे युवक को रास्ते मे महिला के पति, देवर व उनके दामाद ने रोककर मारपीट का दी।

जिसके बाद युवक द्वारा मारपीट करने वाले महिला के पति, देवर व उनके दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुंदा थाना क्षेत्र के एक गांव का यह मामला बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार प्राथऍ ने जानकारी दी है कि भैया अपने साथ में काम करने वाली परिचित की महिला को छोड़ने उनके घर जा रहे थे। इस दौरान उनके पति सहित तीन लोगों ने मारपीट की। मां व भाभी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर भाई को अस्पताल में भतऍ कराया। अस्पताल ले जाते समय भैया ने बताया कि राईस मिल में साथ में काम करने वाली महिला को छोड़ने घर जा रहा था। इस दौरान महिला के पति, देवर व उनके दामाद ने बाइक को रोककर विवाद किया। जिसके बाद महिला की चरित्र पर शंका कर दोनों को बाइक से उतारकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का व लकड़ी के पट्टा, डंडे से मारपीट की। इस मामले में युवक के भाई की रिपोर्ट पर अर्जुंदा थाने में तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 351 (3) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# तालाब सौंदर्यीकरण के दौरान घटिया निर्माण, ढह गई दीवार, सब इंजीनियर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई-चरोदा निगम के वार्ड 8-9 में बंधवा और बह्मनीन तालाब के सौंदर्यीकरण के दौरान दीवार ढहने का मामला प्रकाश में आया है। इसमें घटिया निर्माण की शिकायत के बाद आयुक्त ने जांच के निर्देश दिए हैं। कार्यएजेंसी चंद्राकर कंस्ट्रक्शन और गेडाम एंड संस से जवाब-तलब किया जा रहा है। इधर तत्कालीन सब इंजीनियर को नोटिस जारी किया गया है। विपक्ष के पार्षदों ने इस पूरे मामले में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। और स्वतंत्र एजेंसी से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के दो तालाबों में सौंदर्यीकरण के नाम पर घटिया काम किए जाने की बात सामने आई है। पहली बारिश में दीवार ढह गई। इस दौरान बम्हनीन गोलू चंद्राकर और बंधवा तालाब का काम रविन्द्र काम के द्वारा किया गया था। दोनों ही तालाबों में बनाई गई वर्षों पुरानी बोल्डर की दीवार पर ही नई दीवार खड़ी कर उसे पांच से छह फीट तक ऊपर उठा दिया गया। इसमें न कहीं कालम दिया गया और न ही नीचे से नए सिरे से कांक्रोटिंग की गई। इतना ही नहीं अर्थ प्रेशर रिलीज करने के लिए दीवारों के बीच-बीच में होल भी नहीं छोड़े गए।

## वार्ड 8 और 9 में बंधवा और बह्मनीन तालाब का डेढ़ करोड़ से हो रहा है कायाकल्प

### गड्ढा खोदा गया, लेकिन नियमतः फिलिंग नहीं की गई

जानकारी के मुताबिक रोड की और मिट्टी भी भरने के बाद उसे सही तरीके से फिलिंग तक ठेकेदारों द्वारा नहीं किया गया। बारिश का पानी आने के बाद दीवार गिरनी शुरू हो गई है। जनता से जुड़े विकास कार्यो के साथ ठेकेदारों द्वारा घटिया काम कर शासन के रुपयों की धज्जियां उड़ाई गई। मिली जानकारी के मुताबिक आयुक्त ने ठेकेदार गोलू चंद्राकर, रविन्द्र गेडाम को नोटिस जारी कर तालाब के टूटे दीवारों को दोबारा निर्माण करने का आदेश दिया है।



### निगम अधिकारियों पर लग रहे कमीशनखोरी के आरोप

इसके अलावा इनके द्वारा निगम क्षेत्र में किए गए विकास कार्यो की जांच भी अब होगी। भिलाई-चरोदा निगम के तालाबों का सौर्यीकरण में भी अब अफसरों द्वारा कमीशनखोरी के आरोप लग रहे हैं। इसके कारण ही ठेकेदारों द्वारा विकास कार्यों में डंडी मारी कर घटिया निर्माण किया जा रहा है। बम्हनीन वार्ड 9 और बंधवा तालाब 8 में स्थित है। ठेकेदारों ने काम में निगम के इंजीनियरों ने डिजाइनिंग में की जमकर लापरवाही की है। इस तरह दीवार गिरने से कार्य की गुणवत्ता व डिजाइनिंग दोनों को लेकर ही सवाल उठने लगा हैं। दोनों ही वार्ड के पार्षदों ने जांच की मांग

### मामला संवेदनशील

दोनों ठेकेदारों को नोटिस जारी कर जांच बैठाया गया है। ढहे दीवार को ठेकेदारों द्वारा पूरा करना होगा। लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई।

**- डीएस राजपूत,** आयुक्त भिलाई-चरोदा निगम

### डिजाइन में लापरवाही

वर्कमेनशिप तत्कालीन इंजीनियरों द्वारा की गई है। डिजाइन में लापरवाही की गई है। नोटिस जारी कर तालाब में किए गए विकास कार्य करने वाले ठेकेदारों पर जांच बिठाई गई है। तत्कालीन सब इंजीनियर को भी नोटिस जारी किया जाएगा।

**-प्रकाश थवानी,** ईई भिलाई-चरोदा निगम

## खबर संक्षेप



### चरोदा में हाईवे पर तीन जगहों पर होगा मीडिल कट

**भिलाई।** फोरलेन सड़क पर चरोदा में भी तीन जगहों को मिडिल कट के लिए चिन्हित किया गया है। इसके लिए जिला व पुलिस प्रशासन ने सहमति प्रदान कर दी है। भाजपा के चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर ने एसडीएम भिलाई तीन महेश राजपूत, सीएसपी हरिश पाटिल को ज्ञापन सौंपकर जनहित में यह मांग की थी। फोरलेन सड़क के दोनों ओर पैदल आवाजाही के लिए मिडिल कट दिए जाने की सहमति पर चरोदा वासियों में राहत महसूस किया। गौरतलब हो कि कलेक्टर के आदेश पर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा फोरलेन सड़क के डिवाइडर पर पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए छोड़े गए मिडिल कट को बंद किया गया था। चरोदा वासियों को कामकाज के सिलसिले में पैदल सड़क पार आने जाने में काफी अतिरिक्त दूरी तक करने की दिक्कत का सामना करना पड़ता। इसे लेकर मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान डी वेंकट, अभय चौबे, प्रसून, राजेश, जी रामा रेड्डी, सुब्रत दास, ए वेंकटेशम , विनोद , आनंद टेम्बुरकर, गोल्डा मौजूद थे।

### प्री डीएलएड के नतीजे जारी, अगले माह होगी काउंसिलिंग

**भिलाई।** डीएलएड प्रवेश परीक्षा के नतीजे जारी हो गए हैं। इसमें एडमिशन के लिए अगले महीने काउंसिलिंग होने की संभावना है। इससे पहले गुरुवार को व्यापमं की ओर से बीएड के नतीजे जारी किए गए थे। दोनों परीक्षाएं व्यापमं से 22 मई को आयोजित की गई थी। डीएलएड की प्रवेश परीक्षा के लिए इस बार 2 लाख 83 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। 206184 ने परीक्षा दिया। इसमें शामिल सभी परीक्षार्थियों के प्राप्तांक सहित कंबाइंड मेरिट लिस्ट जारी की गई है। पिछली बार राज्य के करीब 91 कॉलेजों में डीएलएड की 6720 सीटें थी। इस बार कुछ कॉलेजों को मान्यता नहीं मिली है। इस वजह से सीटें कम हो सकती है। डीएलएड के साथ ही बीएड की सीटें भी कम होंगी। बीएड प्रवेश परीक्षा में 1 लाख 26 हजार 808 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। दोनों कोर्स में एडमिशन के लिए काउंसिलिंग इस महीने होने की संभावना थोड़ी कम है।

## निरीक्षण : रूसा की टीम सांइस कॉलेज पहुंची, योजनाओं की ली जानकारी

# रूसा के मद से फिजिक्स, केमेस्ट्री व माइक्रोबॉयोलाजी उपकरणों की खरीदी

### सेमिनार में हुए खर्च का भी ब्योरा लिया, पूछा-करोड़ों का फंड कहां खर्च किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में शनिवार को रूसा अर्थात राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान की टीम आईञ जिसका वर्तमान में नाम परिवर्तित होकर पीएम उषा हो गया है। विशेषज्ञ टीम ने कालेज का भौतिक रूप से निरीक्षण किया। इस कालेज में रूसा द्वारा दिए गए करोड़ों रुपये के फंड का इस्तेमाल टीम ने देखी। फिजिक्स, केमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी के विद्यार्थियों के लिए खरीदे गए उपकरणों का अवलोकन किया। सेमीनार व अन्य कार्यक्रम में हुए खर्च का ब्योरा भी लिया। टीम ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा प्रयोगशालाओं एवं रूसा निर्मित कक्षों का भौतिक रूप से अवलोकन किया। दिल्ली एवं रायपुर से रूसा के निरीक्षण दल में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंडर सेक्रेटरी घनश्याम, अनन्या पटनायक, दृष्टि गुप्ता, रूसा कार्यालय, रायपुर से संयुक्त संचालक, डॉ. अंजली अवधिया तथा सहायक संचालक डॉ. वेणु गोपाल एवं अपर संचालक उच्चशिक्षा दुर्ग संभाग डॉ. राजेश पाण्डेय उपस्थित थे।



### पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया कॉलेज ने

निरीक्षण दल के समक्ष प्रस्तुतिकरण हेतु साईंस कालेज के प्राध्यापकों द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण तैयार किया गया था। निरीक्षण दल ने महाविद्यालय के भौतिक, रसायन, माइकोबायलॉजी तथा इतिहास विभाग का भौतिक रूप से विजिट कर विद्यार्थियों हेतु रूसा मद से कय किये गये विभिन्न उपकरणों, विस्तार गतिविधियों तथा आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण दल के भ्रमण के दौरान प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिह वरिष्ठ प्राध्यापक ही जगजीत कौर सलूजा डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, सुनीता मैथ्यू डॉ. अनिल पाण्डेय, डी. एस डी. देशमुख, डॉ प्रशात श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक उपस्थित थे।

### बस्तर लौह शिल्प कार्यशाला की सराहना

महाविद्यालय के रूसा प्रभारी प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय तथा डॉ. एस.डी. देशमुख ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इतिहास विभाग में रूसा मद से आयोजित बस्तर लौह शिल्प कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह की विशेषज्ञ दल के सदस्यों ने सराहना की तथा विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु कुछ स्मृति चिन्ह को कय भी किया। उन्होंने कहा कि रूसा मद में प्राप्त राशि का तत्काल पूर्ण रूप से उपयोग कर उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का महाविद्यालय प्रयास करें, जिससे 2026 में रूसा के तृतीय चरण के आरंभ होने पर महाविद्यालय को उसकी आवश्यकता एवं नये पाठ्यक्रम हेतु और राशि प्रदान की जा सके। भ्रमण के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को विद्यार्थियों द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह भेंट किया।



### सवाल भी पूछे टीम ने

बस्तर शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर के प्रतिनिधियों ने महाविद्यालय के आईक्यूएसी कक्ष में विश्वविद्यालय को रूसा मद से प्राप्त राशि के उपयोग से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया। प्रस्तुतिकरण के दौरान दिल्ली से आए विशेषज्ञ रूसा अधिकारियों ने अनेक प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त की। बस्तर विश्वविद्यालय का प्रस्तुतिकरण देने वालों में डॉ. शरद नेमा, डॉ. समीर ठाकुर, डॉ. संजय डोगरे, डी.पी. देवांगन, के. आर. ठाकुर शामिल थे। बस्तर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव, ऑनलाईन रूप से पूरे प्रस्तुतिकरण के दौरान जुड़े हुए थे।

# संग्रहण केंद्रों में दो सौ करोड़ का 67 हजार मीट्रिक टन धान डंप, 31 तक उठाव चुनौती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पिछली सरकारी धान खरीदी के बाद संग्रहण केंद्रों में रखे गए धान का अब तक उठाव नहीं हो पाया है। खरीदी समाप्त होने के पांच महीने बाद भी जिले के चार संग्रहण केंद्रों में दो सौ करोड़ रुपए का 67 मीट्रिक धान डंप पड़ा हुआ है। अब इस धान को 31 जुलाई तक उठाव करने की चुनौती विभाग के सामने है। इधर डंप धान में पहले गर्मी के तेज धूप के चलते सूखत देखने को मिली। वहीं अब बारिश के मौसम में भी भीगने की चिंता बनी हुई है। हालांकि विभागीय अफसरों का कहना है कि अगले तीन से चार सप्ताह में धान का उठाव कर लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सरकारी धान खरीदी वर्ष 2024-25 में राजनांदगांव जिले में कुल 70 लाख टन से अधिक धान की खरीदी की गई थी। बड़ी मात्रा में की गई धान खरीदी के बाद इसे सुरक्षित रखने के लिए जिले में स्थित चार संग्रहण केंद्रों में डंप किया गया था। संग्रहण केंद्रों में करीबन 1.74 लाख मीट्रिक टन धान रखा गया था। जिसमें से अब तक 1.07 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव कर लिए जाने की जानकारी मिली है। वहीं शेष धान का उठाव करने के लिए भी कार्य प्रगति पर है। हालांकि अब संग्रहण केंद्रों में धान ट्रकों में भरने के लिए हमालों की भी कमी होने लगी है। खेती-किसानी का काम शुरू होने के कारण हमाल अब खेतों की ओर रूख कर रहे हैं। जिससे आने वाले दिनों में यह समस्या और बढ़ सकती है। इधर डंप धान में सूखत एवं अन्य कारणों से कमी देखने को भी मिल रही है। हर बोरी में आधा किलो से सवा किलो तक वजन घटने की जानकारी सामने आई है।

# बारिश के बाद मौसमी बीमारियों का बढ़ा खतरा

### नगर निगम भिलाई के वार्डों में दवा का हो रहा छिड़काव, सफाईकर्मी सर्वे भी कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

निगम क्षेत्रांतर्गत मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण हेतु मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम हेतु निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निर्देश दिए गए हैं । निर्देशों के

- डेंगू, मलेरिया के लार्वा खोजकर नष्ट किए जा रहे

परिपालन में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली और वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के के सिंह के मार्गदर्शन में विगत दिनों हुई लगातार 4-5 दिनों वर्षा एवं रूक जाने के उपरांत निगम के सभी जोन के विभिन्न वार्डों में मच्छर लार्वा की उत्पत्ति न हो उसके लिए दवा छिड़काव कार्य जारी है । जोन -1नेहरू नगर में -46, जोन -2 वैशाली नगर में -36, जोन -3 मदर टेरेसा नगर में -25 एवं जोन -4 शिवाजी नगर में -46 कुल -131



स्थलों गड्ढों/नालियों के ठहरे बरसाती जमाव पानी में जला आयल का छिड़काव कार्य किया गया है। निगम का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम द्वारा सर्वेलेंस सर्वेक्षण एवं कीटनाशक औषधि का छिड़काव कार्य निरंतर जारी है।

01/07/2025 से 12/07/2025 तक कुल 652 घरों का सर्वेक्षण कर कुल -2373 (कूलर/टंकी/ड्रम - कंटेनर , अन्य स्त्रोत -3)का जांच किया गया। सर्वेक्षण के दौरान कूलर -125, टंकी -90, ड्रम/कंटेनर -109, अन्य स्त्रोत -3 कुल 327 पात्रों का संग्रहित पानी खाली कराया गया। सर्वेक्षण के दौरान कूलर -13, टंकी -9, ड्रम/कंटेनर -02 एवं अन्य स्त्रोत -3 कुल 24 स्त्रोतों में मच्छर लार्वा पाया गया, जिसमें स्प्रेयर पंप द्वारा पानी मिश्रित एक्यूगार्ड का छिड़काव कर विनिष्ट किया गया है।

महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, निगम क्षेत्र में मच्छर जनित रोग डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए ऐसे सभी भू स्वामियों से अपील किए हैं । जिनके खाली प्लाट में बरसाती पानी का जमाव हो गया है तत्काल पानी की निकासी स्वतः कराएं अथवा बरसाती ठहरे पानी में जला आयल का छिड़काव कर मच्छर लार्वा नियंत्रण कार्यों में अपना सहयोग दें।

### 738 कूलरों की सफाई

मच्छर लार्वा/व्यस्क मच्छरों के नियंत्रण के लिए स्प्रेयर पंप द्वारा कुल 738 कूलरों में पानी मिश्रित एक्यूगार्ड एवं व्यस्क मच्छरों के नियंत्रण हेतु 510 घरों में 842 कूलर में पानी मिश्रित मैलाथियान का छिड़काव कार्य किया गया है। जन समुदाय में जन जागरूकता लाने के लिए 198 पाम्पलेट वितरण कार्य के साथ सभी सर्वेक्षित घरों में मच्छर रोधी आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया।

# पानी निकासी और एप्रोच सड़क बनाने विधायक ने किया वार्डों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर की जनसमस्याओं के समाधान के लिए शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने चार वार्डों का निरीक्षण किया। सुबह 8 बजे शुरू

- पीडब्लूडी की टीम के साथ 4 वार्डों का निरीक्षण

हुए इस मॉर्निंग विजिट में वे रायपुर नाका, पुलिस लाइन, गांधी चौक, पद्मनाभपुर एवं पोटिया चौक पहुंचे, जहाँ उन्होंने पीडब्लूडी की इंजीनियरिंग टीम के साथ मिलकर बारिश के दौरान होने वाली जलभराव की समस्याओं और ट्रैफिक दबाव को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन में दुर्ग के विकास में कोई कमी नहीं होगी दुर्ग का समग्र विकास करने हम लगातार कार्यरत है।



विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि बरसात के मौसम में जलभराव की स्थिति से बचने के लिए नालियों की व्यापक सफाई एवं छोटी नालियों को बड़ी नालियों से जोड़ने की योजना बनाई जा रही है, ताकि पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। इसके साथ ही नागरिकों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन सुविधा देने के उद्देश्य से एप्रोच सड़कों का निर्माण कर उन्हें मुख्य सड़कों से जोड़ा जाएगा। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में आवागमन को बेहतर बनाने सभी वार्डों में वृहद स्तर पर सीमेंटीकरण सड़क बनाने कार्य जारी है।

दुर्ग जिला मुख्यालय होने के कारण यहाँ पर आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों का आवागमन होता है। इसे ध्यान में रखते हुए विधायक ने ट्रैफिक दबाव कम करने विभिन्न स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद संजय अग्रवाल, गुलाब वर्मा, देवनारायण तांडी, श्रीमती लोकेश्वरी ठाकुर सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## जिले में सैकड़ों की संख्या में ढाबों में हो रही नशाखोरी

# ढाबा संचालकों पर बॉन्ड ओवर की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शहर के ढाबों में बढ़ते अपराधों पर लगाम कसने के लिए पुलिस संचालको का बॉड ओवर करने की तैयारी में जुट गई है।इसके लिए जिले के सारे ढाबों मे का थाना क्षेत्र में लिस्टिग तैयार हो गया है। इस दौरान संचालको का 20-50 हजार तक बॉड ओवर किया जाएगा। बॉड ओवर करने से ढाबों में होने वाले अपराधों पर अंकुश लग जाएगा। बॉड ओवर होने से ढबा में अपराध होता है तो संचालको के लिए बड़ी मुसीबत आ जाएगी। घटना होने के बाद ढाबा संचालक को बॉड को एसडीएम में जाम करना होगा। पुलिस जनता की सुरक्षा को लेकर ऐसा व्यवस्था करने का कदमउठाने वाली है। जिले के ढाबों का कोई समय नहीं होता संचालक अपनी मनमर्जी से खाना, पीलाना देर रात तक कराते है। खासकक नेशनल हाइवे पर स्थित ढाबों पर बड़ा लगाम कसने की तैयारी में जिले की पुलिस जुट गई है। एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर जानकारी भी जुटाई जा रही है।

### देर रात तक खुले रहते हैं ढाबे, होती हैं संदिग्ध गतिविधियां, इसलिए निर्णय

देर रात तक खुलने वाले ढाबों में कुम्हारी, भिलाई तीन, खुर्सीपार, छावनी, सुपेला, स्मृति नगर, अंजोरा, रसमड़ा, जामुल, नेवई, पाटन, उतई समेत कई थाना क्षेत्रों में ढाबा संचालित है। थानों से सेटिंग कर देर रात तक ढाबा संचालक अपना कारोबार संचालित करते है। पुलिस पेट्रोलिंग तक ढाबा संचालकों को कुछ कार्रवाई नहीं करती है। इसके अलावा शहर के बड़े-बड़े होटलो में भी देर रात जाम छलकते देखा जाता है। इन ढाबों में हर थाना क्षेत्र में किसी न किसी अपराधिक मामले दर्ज है।इन ढाबों में मान अपराध भी पनपता है।

### अब तक हो चुके है ढाबों में अपराध

**केस 1:** चिखली स्थित इंदर ढाबा में हिस्ट्रीशीटर अवतार मरकाम की हत्या हुई थी। अवतार पार्टी मनाने दोस्तों के साथ ढाबा में खाना खाने गया हुआ था। नकाबपोश बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी।

**केस 2:** अंजोरा बायपास में अर्जुन ढाबा में भी एक हत्या की घटना हुई थी, जिसमें दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। युवक दोस्तों के साथ पार्टी मनाने के लिए गया हुआ था।

**केस 3:** रिसाली निवासी साफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत तिवारी नामक युवक परिवार के साथ पार्टी मनाने अंजोरा-सोमनी बार्डर में बने ढाबा में पार्टी मनाने गया था। नशे की हालत में युवकों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी।

### होगा बॉड ओवर

ढाबों की लिस्टिंग करने का काम शुरु हो गया है। इनका भी बॉड ओवर किया जाएगा। ढाबे में अपराध घटित होने पर संपत्ति कुर्की होगी। नेशनल हाइवे किनारे और अन्य ढाबों के संचालकों का बॉड ओवर किया जाना है। तैयारी शुरू हो गई है। **-विजय अग्रवाल,** एसएसपी दुर्ग

# नालों की नहीं कराई सफाई, भिलाई आयुक्त ने बीएसपी को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

महापौर परिषद के विशेष बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार टाउनशिप क्षेत्र में स्थित नालों की सफाई नहीं कराए जाने के संबंध में निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र को चेतावनी नोटिस जारी किया है।

कलेक्टर द्वारा पूर्व में ही टाउनशिप क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्डों में बीएसपी प्रबंधन द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, डेंगू, मलेरिया एवं जल जनित बीमारियों के रोकथाम हेतु समुचित कार्रवाई करने और बेक लेन की सफाई तथा आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्र की



संपूर्ण मार्गों की साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित पत्र एवं निर्देश दिए हैं। टाउनशिप क्षेत्र अंतर्गत नालों में जलकुंभी की सफाई बरसात के पूर्व 15 जून 2025 तक करना था, जिससे पानी के बहाव में रुकावट न हो और आसपास बस्तियों में जल भराव न हो । किंतु भिलाई इस्पात संयंत्र नगर सेवाएं प्रबंधन द्वारा सभी कार्य नहीं कराए गए हैं । टाउनशिप क्षेत्र में स्थित नाला की जलकुंभी निगम क्षेत्र अंतर्गत बरसाती पानी में बह कर आने से जुनवानी, कोसानाला पुलिया में फंस जाने से सेक्टर 6 भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास बौद्ध भूमि, प्रियदर्शनी परिसर, कोसा नगर, कोसा नगर रेसने आवास, गांधीनगर एवं विनोबा नगर में नाला के आसपास की बस्ती एवं घरों में पानी भर गया। इस तरह की स्थिति निर्मित होने से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा है और प्रभावित लोगों का नुकसान भी हुआ है। जनहानि की आशंका बनी है जिससे प्रशासन की छवि धूमिल हुई है। टाउनशिप क्षेत्र के नालों एवं बेक लेन की सफाई व्यवस्था जल्द सुधारने हेतु चेतावनी दी गई है, अन्यथा जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई होगी ।

## खबर संक्षेप



### गुरु पूर्णिमा पर महापौर ने प्राचार्य का किया सम्मान

**दुर्ग।** महापौरअलका बाघमार ने गुरुपूर्णिमा पर शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित डॉ कृष्णा अग्रवाल का शॉल, श्री फल, पुष्पमाला भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर दुर्ग नगर निगम महापौर अलका बाघमार के अलावा जिला संयोजक अजय तिवारी, विनोद चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र लोढ़ा, पार्षद सरिता चन्द्राकर, लोकेश्वरी ठाकुर, राम अग्रवाल, भावेश अग्रवाल आदि मौजूद रहें।

### जल भराव से बचने निगम करा रहा सफाई



**दुर्ग।** नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ आपापुरा, गंजपारा क्षेत्र वार्ड में सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई कर्मी को निर्देश दिए की नालियों की तले से सफाई कराई जाए। वार्डो का निरीक्षण कर रहे निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने साथ चल रहे अधिकारियों को वार्ड की छोटी व टूटी नालियों की मरम्मत के लिये प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। कच्ची सड़कों में डस्ट डलवाने की बात कही। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि शहर की स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाए। शहर की सफाई व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, कुणालए राहुल सहित अमला मौजूद रहें। मुख्य मार्गो से यातायात में बाधित सड़क किनारे पड़े कंडम, गाड़ियों पर कार्रवाही कर जब्त करने अधिकारी को निर्देशित किया।

### मर्रा में चल रहा नियमित योग अभ्यास



**सेलूद।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय मर्रा के तत्वावधान में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनीता साहू के मार्गदर्शन में नियमित योगाभ्यास योग प्रशिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा के सानिध्य में चल रहा है। जिसमें नियमित रूप से ग्रामीणों को रोगानुसार योग का अभ्यास कराया जा रहा है। इस दौरान कमर दर्द ,साइटिका, मधुमेह ,उच्च रक्तचाप संधिवात , साइनस ,एलर्जी ,माइग्रेन थायराइड, चर्म रोग अभ्यास करते हुए भुजंगासन, त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन, अर्द्धहलासन, सर्वांगासन, उष्ट्रासन, सूर्य नमस्कार सहित विविध आसनों का अभ्यास नियमित रूप से कराया जा रहा है।

## बैठक : राजस्व अधिकारियों से चर्चा के दौरान पात्र कृषकों की ली जानकारी

# पिछले साल के मुकाबले आधा पंजीयन कलेक्टर ने कहा-लंबित प्रकरण बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

खरीफ सीजन में किसान पोर्टल में पिछले साल के मुकाबले बेहद कम पंजीयन होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई है। उन्होने मोबाइल ऐप, कॉमन सर्विस सेंटर और पटवारियों के जरिए पंजीयन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। साथ ही कलेक्टर लंबित राजस्व प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर कृषक पंजीयन (फार्मर रजिस्ट्री) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी पात्र कृषकों का पंजीयन प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में यह जानकारी दी गई कि पिछले वर्ष 1,14,000 किसानों ने पंजीयन कराया था, जबकि इस वर्ष अब तक केवल 63,435 किसानों ने ही पंजीयन कराया है। कलेक्टर ने लक्ष्य पूर्ण करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। सभी कृषि भूमि का विवरण भू-अभिलेख के अनुसार सुनिश्चित किया जा सकेगा। प्रत्येक भूखण्ड एक या एक से अधिक भूधारक के नाम दर्ज होगा। प्रत्येक भूस्वामी का आधार नंबर प्रविष्टि होगा। भूमि के खरीदी ब्रिकी, उत्तराधिकारी या बंटवारा के माध्यम से भू-अभिलेख दुरूस्त किए जाने पर स्वतः अद्यतन होगा।

**दुर्ग जिले में अब तक 1.14 लाख किसानों ने कराया पंजीयन**



### प्रत्येक तहसीलदार करेंगे पांच गांव का निराकरण

बैठक में राजस्व संबंधी विभिन्न कार्यों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा बटांकन, डायवर्सन, और राजस्व वसूली की स्थिति की जानकारी ली और इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रत्येक तहसीलदार पाँच गाँवों का चयन कर वहाँ के भू-अभिलेखों की त्रुटियों की पहचान करें और उनका समयबद्ध सुधार करें। साथ ही डिजिटल हस्ताक्षर, आधार और मोबाइल नंबर की प्रविष्टि कार्यों को प्राथमिकता के साथ प्रतिदिन अपडेट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विवादित नामांतरण प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि एक पटवारी के पास दो से अधिक हल्के नहीं होने चाहिए। सीमांकन प्रतिवेदन की तिथि निर्धारित कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने और नक्शा बटांकन कार्यों के लिए टीम बनाकर तत्परता से कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने गिरदावरी सर्वेयर और राजस्व निरीक्षकों का प्रशिक्षण इसी माह आयोजित कराने के निर्देश भी दिए। नजूल पट्टा नवीनीकरण, नजूल राजस्व बकाया की वसूली और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर जोर दिया गया। कोर्ट केसों को गंभीरता से लेने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

### भूअर्जन का नहीं हुआ निराकरण

कलेक्टर ने कहा कि, राजस्व से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित नही होने चाहिए। उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, भारतमाला परियोजना, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए, जिससे प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न हो।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त तीन माह बाद नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा सहित जिले के लाखों किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के अनिश्चित इंतजार से हताश और नाराज हैं। योजना के तहत तीन माह में 2,000 की किस्त मिलनी थी, लेकिन जुलाई का मध्य आ चुका है और अब तक किसान के खाते में एक रुपया भी नहीं पहुंचा।

शासन की ओर से किस्त भेजने में हो रही लगातार देरी ने उन किसानों की कमर तोड़ दी है जो इस सम्मान राशि से खाद-बीज, सिंचाई और मजदूरी जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी करते हैं। मई में जारी होनी थी किस्त, लेकिन अब तक न तारीख तय हुई है, न ही कोई स्पष्ट सूचना।

### किसानों की पीड़ा

ग्रामीण अंचलों से आ रही जानकारी के अनुसार, कई छोटे और सीमांत किसान बाजार से उधार लेकर बुआई कर चुके हैं। उन्हें उम्मीद थी कि सम्मान निधि से कर्ज चुकाया जाएगा, लेकिन अब वे कर्ज के बोझ और असमंजस में हैं। योजना का नाम सम्मान है, लेकिन जब समय पर पैसा नहीं आता तो ये अपमान जैसा लगता है। खेत में काम समय पर होता है, सरकार पैसा क्यों नहीं समय पर देती?

**प्रशासनिक की चुप्पी :** जिला प्रशासन और कृषि विभाग से बार-बार पूछने के बाद भी केवल



/"प्रक्रिया जारी है/" का जवाब मिलता है। न कोई तय तारीख, न कोई समाधान। इससे स्पष्ट है कि शासन-प्रशासन की लापरवाही और संवेदनहीनता किसानों की समस्याओं को और गहरा रही है। जिले के 1.80 लाख से अधिक किसान प्रभावित,सम्मान निधि की 20वीं किस्त में 30 दिन से अधिक की देरी,कर्ज, बुआई और दैनिक जरूरतों पर संकट आ रहा है।

### शासन की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं

सरकार की यह योजना किसानों के लिए वरदान है, लेकिन समय पर लाभ न मिलने से यह अब संकट का कारण बनती जा रही है। किसानों का सब्र टूट रहा है, और अगर जल्द समाधान नहीं मिला, तो यह मुद्दा बड़े किसान आंदोलन या विरोध का कारण बन सकता है। शासन को चाहिए कि इसे सिर्फ योजना न समझे, किसानों की आजीविका से जुड़ा गंभीर विषय माने।

## प्लास्टिक मुक्त भारत की थीम पर हुई पेंटिंग स्पर्धा में 27 छात्र रहे प्रतिभागी



**बालोद।** लोगों में जागरूकता लाने व पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्लास्टिक मुक्त भारत की थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 27 विद्यार्थएँ प्रतिभागी बने।

इस आयोजन पर प्राचार्य आर के देवांगन ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों की सराहना की और उन्होंने कहा कि ऐसे ही भगीरथ प्रयासों से ही समाज, ग्राम और नगर में चेतना आएगी तथा लोग एक बार उपयोग में आने वाले प्लास्टिक की जगह पेपर बैग या थैले का उपयोग करेंगे। जिससे प्रदूषण कम होगा। यूथ एंड इको क्लब के प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि वर्तमान समय में स्वच्छ पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन प्लास्टिक है। इससे न केवल इंसान बल्कि जानवर भी प्रभावित हो कर मर रहे है। इस प्रतियोगिता के निर्णायक रेशमी साहू और पवन सिन्हा थे। इस प्रतियोगिता में कक्षा 11वी की यामिनी ने प्रथम, 12वीं की प्रियंका ने द्वितीय व 10वीं के डेविड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शेष सभी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के सफल संचालन में चंद्रमणि वासनिक, हेपशिबा एंथोनी, रीना बोरकर, वेद प्रकाश साहू, चंद्र प्रकाश सोनबोइर व अनुराधा खरे ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## ब्लॉक में 10 स्थानों पर बाल संस्कार शालाएं प्रारंभ की गई



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक में बालकों के सर्वांगीण विकास और सुसंस्कारित समाज के निर्माण की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए डौंडी लोहारा ब्लॉक के 10 विभिन्न स्थानों डौंडी लोहारा, सिरपुर, जोगीभाट, मालीघोरी, रेंघई, नारगी, पसौद, खपराभाट, झीटिया, कमकापार में बाल संस्कार शाला का शुभारंभ किया गया। इन संस्कार शालाओं का उद्देश्य 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को खेल-खेल में नैतिक, आध्यात्मिक एवं यौगिक शिक्षा प्रदान करना है। संस्कार शालाओं में बच्चों को दैनिक जीवन में आवश्यक मूल्यों जैसे– सत्य, अहिंसा, संयम, सेवा, अनुशासन, स्वच्छता, माता-पिता व गुरुजनों के प्रति सम्मान तथा राष्ट्रप्रेम की भावनाओं को सहज रूप से विकसित किया जा रहा है। इस शिक्षा को प्रभावी बनाने हेतु विविध रोचक गतिविधियाँ जैसे– खेल, कहानियाँ, भजन, श्लोक, समूह चर्चा, योग अभ्यास एवं प्राणायाम का समावेश किया गया है।

संस्कारशाला में संस्कारयुक्त वातावरण के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, आत्मानुशासन और आध्यात्मिक दृष्टिकोण विकसित किया जा रहा है। संस्कृत भाषा की मूलभूत जानकारी भी बच्चों को रोचक पद्धति से दी जा रही है, जिससे वे भारतीय संस्कृति की गरिमा को आत्मसात कर सकें। इस अवसर पर स्थानीय समाजसेवियों, शिक्षकों, पालकों एवं ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के चरित्र निर्माण और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में भाग ले रहे प्रशिक्षकों व स्वयंसेवकों ने बताया कि इस प्रकार की संस्कार शालाएं ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के भीतर सकारात्मक सोच और आदर्श जीवनशैली विकसित करने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में केन्द्र के प्रभारी भोलाराम साहू, गोवर्धन उर्वशा, याद राम, साहू ,पुराणिक सोरी, तुलसी साहू, ख़ेमिन झरिया,कैलाश नाथ साहू,मिलन सिन्हा, वीरेंद्र बघेल, पीलूराम साहू ,देव देवांगन, दुष्यन्त कोलियारे, कमलेश देशमुख, शिवेन्द्र झरिया, दारा सिंह भौसार्य, सेवा राम मंडावी, विशंभर बघमारिया, लूणकरण ठाकुर, प्रज्ञानंद बघमारिया, ओमप्रकाश केसरा, प्रेम सिंह कोलियारे का विशेष सहयोग रहा।

## पंचायत आमटी मासाभाट में किया गया पौधारोपण



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमटी मासाभाट सरपंच श्रीमती दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी द्वारा ग्राम आमटी नदी किनारे वृक्षारोपण कार्य का शुभारंभ किया गया, जिसमे वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ग्रामीण जन मोहन लाल, कुलेश्वर् शर्मा, कन्हैया चौधरी, प्रमोद निषाद, सरिता, भानेश्वरी और संगीता निषाद आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे । सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी ने बताया कि कई प्रकार के छायादार फल दार पौधारोपण किया गया,और पौधा का देखभाल सुरक्षा बहुत जरूरी है पौधा को बढ़ा करने का संकल्प लिया जिसमें ग्रामीण जन बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वृक्ष हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं. फलदार एवं छायादार वृक्ष बारिश को आकर्षित करते हैं. वृक्षों से प्रकृति की नमी बनी रहती है. वृक्षों से प्राकृतिक संतुलन बनी रहती है. भारतीय संस्कृति में वृक्षारोपण को श्रेष्ठ धर्म माना गया है।

## अमर दास बाबा जयंती पर निकाली शोभायात्रा



**डौंडीलोहारा।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 10 जुलाई दिन गुरुवार को सतनाम पंथ अमर गुरु संदेश सेवा संस्था के द्वारा परम पूज्य बाल ब्रह्मचारी गुरु अमरदास बाबा जी जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई डौंडीलोहारा से प्रारंभ होकर ग्राम संबलपुर, खैरीडीह, सोरली,अछोली, गारका, भीमकन्हार, नारगी ,रायपुरा, बड़गांव से होते हुए पुनः डौंडीलोहारा में सम्पन्न हुआ। इस भव्य शोभायात्रा में परम पूज्य बाल ब्रह्मचारी गुरु अमरदास बाबा जी, संत शिरोमणि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के बताए गए संदेश को पूरे भारत देश में फैलाने के लिए संकल्पित कर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रेरित किया गया।

## लाखों की सड़क के डामर पहली बारिश में धुला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा



दल्लीराजहरा सहित आसपास के क्षेत्रों में बारिश की पहली ही बौछार ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली की पोल खोलकर रख दी है।शहर के विभिन्न हिस्सों सहित जैन भवन चौक से गुप्ता चौक तक कुछ माह पूर्व ही लाखों रुपये की लागत से किए गए डामरीकरण कार्य की सड़कें पहली ही बारिश में उखड़ने लगी हैं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है बल्कि लोगों की जान को भी खतरा पैदा हो गया है। नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य कराया गया, जो महज कुछ ही महीनों में जवाब दे गया। स्थानीय जनता में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि जनता की गाढ़ी कमाई से कर के पैसे से बने विकास कार्यों में इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त योग्य नहीं है। शासन-प्रशासन से नागरिकों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## तालाब के पानी को स्वच्छ रखने के तरीकों पर हुई संगोष्ठी

# जल संकट से बचने के लिए तालाबों का संरक्षण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमधा

**तालाब पार में रोपे गए 200 पौधे, पानी को स्वच्छ रखते हैं पेड़**



धमधा के शनिदेव तालाब बिरझापुर में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने एकस्वर में तालाब के महत्व का बखान किया और कहा कि प्राचीन काल में तालाबों का बहुत अधिक महत्व दिया जाता था। इसीलिए छै आगर छै कोरी तालाब (126 तालाब) खोदने की परंपरा यहां प्रचलित रही। बारिश के पानी को रोककर भू-जल रिचार्ज करना प्राचीन परंपरा है। परन्तु आज तालाब संरक्षण के नाम पर इन तालाबों का गला घोंटा जा रहा है। तालाबों के पार को कांक्रीट से कुंड की तरह बनाया जा रहा है, जिससे तालाब के पार में रहने वाले सांप, केकड़ा व अन्य जीव समाप्त होते जा रहे हैं, ये जीव भूजल को पाताल तक पहुंचाने बिल बनाते थे। इसिलए तालाबों में सीमेंट कांक्रीट का उपयोग करना प्रतिबंधित किये जाने की आवश्यकता है। धर्मधाम गौरवगाथा समिति, अभिनव जीवन कल्याण समिति दुर्ग, हिन्द एथलेटिक्स क्लब और ग्राम पंचायत बिरझापुर ने मिलकर इस संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें प्राचीन काल में कैसे स्वच्छ रहते थे तालाब विषय पर वक्ताओं ने विचार रखे। इसके साथ ही शनिदेव तालाब की जीर्णोद्धार किया गया, जिसमें तालाब के पार में 200 पौधे रोके गए, ताकि तालाब का पानी सूखने से बचाया जा सके। पूर्व में शनि मंदिर के पास पथरीली जमीन है, जिसमें पंचायत ने रोजगार गारंटी से तालाब बनवाया था, परन्तु जमीन पथरीली होने के कारण वहां पानी नहीं रुकता है। इस तालाब में पानी रूक इसके लिए स्थायी उपाय करने पर विचार किया गया, जिसके तहत तालाब के पार में वृहद वृक्षारोपण आज किया गया। मुख्य अतिथि प. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के पूर्व कुलपति डॉ. एसके पांडेय थे। उन्होंने कहा कि हमारी धरती के सभी जीव-जन्तु सहअस्तित्वपूर्वक है। अध्यक्षता कर रहे घासीदास संग्रहालय रायपुर के पुरातत्वविद् प्रभात सिंह ने कहा कि हमारे प्राचीन ग्रंथो में जल का बहुत अधिक महत्व बताया गया है, तालाब किनारे पेड़-पौधे लगाए जाते थे, ताकि जल स्तर कम होने पर आसपास का पानी जड़ों से स्वच्छ होकर तालाब में आए। वीपी ताम्रकार ने बताया कि आज तालाबों के संरक्षण में क्रांकीटीकरण का प्रयोग किया जाता है, जिससे तालाबों में पानी रिसकर आना बंद हो गया है, इसके कारण तालाब का पानी सड़ रहा है। शनि मंदिर के संरक्षक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि तालाब में सांप, केकड़ा जैसे जीव होते हैं जिनके बिल गहराई तक पानी को जाने का रास्ता होते हैं। गांव के वरिष्ठ व्यासनारायण शर्मा ने कहा कि प्राचीन समय में तालाबों के किनारे इसीलिये पौधे लगाए जाते थे। उद्यानिकी विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी केएस सिन्हा को कांसे का लोटा और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। प्रतिवेदन वाचन अभिनव जीवन कल्याण समिति दुर्ग के अध्यक्ष जगमोहन सिन्हा ने किया, उन्होंने बताया कि उनकी संस्था बच्चों को करियर और शिक्षा के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करती है। धर्मधाम गौरवगाथा समिति के संयोजक वीरेंद्र देवांगन, ईश्वरी निर्मलकर, सामर्थ ताम्रकार, अशोक देवांगन, सुजीत ताम्रकार आदि मौजूद थे।

## पेज 9 के शेष

### जान जोखिम ...

नही पा रहे है कि पुल का निर्माण क्यो नही हो रहा, जबकि यह पुल नेवारीकला के सांथ दर्जन भर अन्य ग्रामों को सीधा लाभ है। ग्रामीणो ने कहा वर्तमान मे हुए चुनाव मे कई जनप्रतिनिधि चुनाव प्रचार के दौरान ग्राम पहुंचे तथा उन्होने जीतने के बाद पुल निर्माण की बात कही थी, लेकिन चुनाव संपन्न होने के बाद कोई भी जनप्रतिनिधि द्वारा इस संबंध मे ग्रामीणो से चर्चा भी नही किया गया है। वही ग्राम की युवतियो व महिलाओं ने आशा जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हे जिले के नए कलेक्टर जो कि एक महिला है जो ग्राम की युवतियो व महिलाओं व ग्रामीणो को तांदुला नदी मे पुल न होने के कारण होने वाली समस्या को समझते हुए ग्रामीणो के सालो से चली आ रही समस्या को दूर करेगी।

### सीएम से निकाय ...

लेते हुए अति शीघ्र मांगों पर विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। सोनी ने बताया कि चर्चा सकारात्मक और सार्थक रही और आने वाले समय पर निश्चित रूप से कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले में प्रमुख रूप से कर्मचारी संघ के संरक्षक संजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर, वरिष्ठ सलाहकार श्रवण ठाकुर और कर्मचारी ललित साहू उपस्थित थे।

### बिजली दरों में वृद्धि ...

मांग की है कि सरकार अपना फैसला वापस लें। साथ ही सरकार ऊर्जा नीति में पारदर्शिता लाए और उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता दें। उद्योग तथा व्यावसायिक संस्थानों में भी 20 पैसे प्रति यूनिट बिजली बिल दरों में वृद्धि होगी तो घरेलू सामान के दाम बढने से महंगाई भी बढ़ेगी। आम आदमी परेशान है। बिजली बिल में बढ़ोतरी करके राज्य सरकार गरीब परिवारों के जेब में डाका डाल रही है।

### बिजली दर में वृद्धि, भाजपा ...

का विषय है, भाजपा सरकार का ये बिजली के दामों में वृद्धि का निर्णय बहुत ही निंदनीय है जिसका असर सीधे सीधे आम गरीब और किसान परिवारों पर पड़ेगा उनके लिए इस बढ़ती महंगाई में जीवन यापन करना और भी कठिन हो जायेगा मैं इस सरकार से कहना चाहती हू कि बिजली के दरों में वृद्धि का यह निर्णय वापस ले और आम गरीब जनता और किसानों को परेशान करना बंद करें।

### संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 16 ...

आकर्षण प्रदर्शन किया गया था ऐसे ही इस वर्ष 2025 में 1 मई मजदूर दिवस पर भी प्रदर्शन हुआ था और उच्च स्तर पर एक माह के भीतर निराकरण की बात कही गई थी जो कि नहीं किया गया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और संरक्षक हेमंत सिन्हा कहते हैं कि, यह बात समझ से परे है कि, कोरोना योद्धा का दर्जा प्राप्त और महामारी में अपनी जान जोखिम में डाल जनता को बचाने वाले इन कर्मचारियों के मामले पर आखिर सरकार और उसका प्रशासन किसी प्रकार का गतिरोध बनाकर क्या हासिल करना चाहता है। एक सरकार की जिम्मेदारी होती है कि, वह अपने कर्मचारियों को बेहतर वेतन के साथ–साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करे, किंतु छत्तीसगढ़ के एनएचएम कर्मचारी आज तक इससे वंचित हैं। जिला अध्यक्ष खिलेश साहू ने बताया कि इस वर्ष जुलाई का यह प्रदर्शन 10 तारीख से सिलसिलेवार ढंग से 17 तारीख तक जारी है जिसमें 10 तारीख को स्थानीय विधायकों को ज्ञापन दिया गया। 11 जुलाई को भारतीय जनता पाटएँ के जिला अध्यक्षों को ज्ञापन दिया गया। 12 तारीख से 15 तारीख तक काली पट्टी लगाकर कार्यालय में काम किया जा रहा है एवं 16 जुलाई को जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा जबकि 17 जुलाई को प्रदेश स्तर का विधानसभा घेराव का कार्यक्रम राजधानी रायपुर के धरना स्थल पर होगा। यदि इन सबके पश्चात भी शासन–प्रशासन मूकदर्शक बना रहा और मांगों पर किसी प्रकार की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो अब छत्तीसगढ़ के एन एच एम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी किसी बड़े अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने पर विवश हो जाएंगे जिसके लिए राज्य सरकार ही जिम्मेदार होगी।

## खबर संक्षेप

### ताला तोड़कर रेस्टोरेंट से 30 हजार की चोरी

**भिलाई।** बीती रात नया बस स्टैंड जीई रोड पर स्थित कृष्णा रेस्टोरेंट के शटर का ताला तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक तराजू, नगदी, चांदी की मूर्तियां, सिक्के, मिठाई समेत लगभग 30 हजार रुपए का सामान पार कर दिया। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि संचालक वीरेंद्र मिश्रा के रेस्टोरेंट में गल्ले में रखे 6-7 सौ रुपए नकद, दुकान के कई सामान पार हो गया। यह रेस्टोरेंट जीई रोड पर मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहां रातभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है।

### उर्वरक बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण, नोटिस

**दुर्ग।** जिले के कृषकों के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुये जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों में दबिश दी गई। 20 केंद्रों की जांच की गई। लापरवाही सामने आने पर दुर्ग के ओम कृषि केन्द्र अंजोरा, सिन्हा ट्रेडर्स, चंद्राकर ट्रेडर्स मचांदुर, बुरहानी एग्रो इण्डस्ट्रीज खपरी सहित 9 विक्रय प्रतिष्ठानों में नोटिस जारी किया गया।

### गैंगस्टर दीपक नेपाली और लुकेश पर अप्राकृतिक कृत्य का जुर्म दर्ज

**भिलाई।** गैंगस्टर दीपक नेपाली और उसके भाई लुकेश ने महिला के साथ मारपीट कर अप्राकृतिक कृत्य करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 377, 498, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि महिला ने दीपक नेपाली और उसके भाई ने महिला के साथ मारपीट कर उसका दैहिक शोषण किया। इसके अलावा महिला के साथ अप्राकृतिक कृत्य भी किया है। पुलिस ने बताया कि महिला के साथ आरोपियों ने मारपीट कर संबंध बनाने का दबाव बनाते थे। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत किया है। प्राथमिक जांच और पीड़िता के बयान के आधार दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है।दीपक और लुकेश नेपाली महिला के साथ मारपीट कर दबाव बनाकर संबंध बनाया करते थे। दोनों आरोपी फिलहाल फरार है।

## निधन

### उत्तम कुमार चंद्राकर

**कुसुमकसा।** सेवानिवृत्त प्रधान पाठक उत्तम कुमार चंद्राकर का निधन रविवार लगभग 4:30 बजे हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उन्होंने कुरुभाट,पथराटोला में भी शिक्षक सेवाएं दी तथा ग्राम के सेवा मंडली में अपना सहयोग प्रदान करते रहे वे चंद्रभान चंद्राकर के पिता व आर्यन के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया जिसमे ग्रामीण ,शिक्षक गण,स्वजातीय बंधुओ ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### स्नेहलता टुवानी

**गुरूर/दल्ली राजहरा।** शहर निवासी स्नेहलता टुवानी 79 वर्ष का निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. डॉ. रामलाल टुवानी की धर्मपत्नी व हरिभूमि बालोद ब्यूरो चीफ ओम प्रकाश टुवानी, अधिवक्ता नारायण टुवानी, व्यवसायी हरीश टुवानी की बड़ी मां थी।



### आयोजन : आरएसएस ने स्वर्णिम शताब्दी काल में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया

# गुरु की ज्ञान रुपी गंगा में स्नान से शिष्य के जीवन में आता है निखार : चेलाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ उप खंड जामगांव आर मे रविवार को जैन भवन सभागार जामगांव आर में स्वर्णिम शताब्दी काल का गुरु पूर्णिमा उत्सव 2025 का आयोजन रविवार को संघ के पूर्व प्रचारक हलधर महमल्ला उपखंड कार्यवाह उमाशंकर साहू के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उत्सव समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी कामता प्रसाद साहू ने किया। विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य आसकरण जैन एवं मुख्य वक्त संघ के दुर्ग विभाग सामाजिक समरता प्रमुख चेलाराम साहू थे। गुरु पूर्णिमा उत्सव के बाद सामाजिक सदभाव की बैठक हुई, वरिष्ठ स्वयंसेवक भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा का मार्गदर्शन मिला। सभी स्वयंसेवकों ने ध्वज प्रणाम एवं प्रार्थना किए।

- स्वयंसेवकों ने ध्वज प्रणाम एवं प्रार्थना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया

### विजयादशमी 2025 को संघ स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होंगे

मुख्य वक्ता ने कहा कि राषो्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना विजयादशमी पर्व के दिन सन 1925 डॉ केशव राम बलिराम हेडगेवार ने स्थापना किए थे जो 100 पूर्णता की बेला 2025 में विजयादशमी को वटवृक्ष का स्वरूप में प्रगट होते जग जाहिर हो रही है। उत्सव में पधारे संघ के आनुषंगिक संगठन भारतीय जनता पाटऍ सरस्वती शिशु मंदिर बजरंग दल सभी को साधुवाद ज्ञापित करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि देश प्रेम को प्राथमिकता में रखकर कार्य करे गुरु की —पा सदैव बनी रहेगी। भाजपा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू एवं भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू अपनी पूरी टीम के साथ बड़े उत्साहित ढंग से गुरु पूर्णिमा उत्सव में भाग लिए। गुरुपूर्णिमा उत्सव में पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, भाजपा यूवामोर्चा नारद साहू, निपानी सोसायटी अध्यक्ष बेनीराम साहू, बेलहारी सोसायटी अध्यक्ष रूपसिंह सिन्हा, मंडल महामंत्री द्वय निर्मल जैन, पूर्णेद्र सिन्हा, पूर्व मंडल कोषाध्यक्ष नरेश केला, पूर्व मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, कोषाध्यक्ष अरुण चंद्राकर, जनपद सदस्य रवि सिन्हा, उपसरपंच मुकेश साहू, वरिष्ठ समाजसेवी नेतराम निषाद, सेजस अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, पूर्व सरपंच जिनेश जैन, सीताराम साहू, द्रोण चंद्राकर, सरपंच प्रतिनिधि नेतराम निषाद, खुमान सिंह जांगड़े, अभिषेक सेन, सुरेश जैन, प्राण साहू, युगांत शर्मा, पुष्कर, शिवेंद्र, डॉ गुलाब साहू, अरुण चंद्राकर, देवानंद देवांगन, नीतीश निर्मल, थानेश्वर साहू, सुरेंद्र, बेनीराम, सीताराम, मेघनाथ, सागरवंशी, कमलेश, अंगेश्वर साहू, हर्षकुमार, प्रवीण वर्मा, रामकुमार, महेश साहू, थानेश्वर साहू, लूभम, बंछोर, नरेंद्र, धरमगुड़ी, सेठ लूणकरण की उपस्थिति रही। संचालन हलधर महमल्ला किशोर साहू ने किया।





**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश प्रेमियों का संगठन**

मुख्यवक्ता चेलाराम साहू ने कहा कि गुरु ज्ञान की गंगा में शिष्य को स्नान कराता है तब शिष्य निखर कर समाज में अपनी प्रतिभा का परचम लहराता है। गुरु शिष्य परंपरा अनादिकाल से चले आ रही है। गुरु के कारण ही तो शिष्य जीवन को समझता है जीवन शैली अपनाता है इसलिए गुरु श्रेष्ठ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश प्रेमियों का संगठन है संघ की शाखा में देश प्रेम से वोत प्रोत खेल चर्चा प्रार्थना भाईचारा की सीख वसुदेव कुटुंबकम की भावना का संचार किया जाता है संघ की शाखा में आए स्वयंसेवक बनकर देश की सेवा के लिए अपने आपको तैयार करे।स्वयंसेवक तन मन धन से सेवा भाव रखता है और गुरु पूर्णिमा उत्सव में प्रति वर्ष यथायोग्य गुरु दक्षिणा अर्पित कर संघ कार्य में सहयोग करता है।

# डौंडीलोहारा विकासखंड में स्वच्छता अभियान जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड डौंडी लोहारा क्षेत्रफल की दृष्टि से बालोद जिले का सबसे बड़ा विकासखंड है। वनांचल व सुदूर अंचल होने के बावजूद भी एसबीएम का अमला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को सफल बनाने कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा के साथ स्वच्छाग्रहियों का मेहनत रंग लाया है। पूरे जज्बा और जुनून के साथ स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य कर विकास खंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ब्लाक का नाम रोशन कर रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को लेकर ग्रामीणों के बीच बैठकर, स्वच्छता चौपाल आयोजित कर स्वच्छाग्रहियों के साथ फीड बैक के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं। पूर्व में देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिला में बालोद जिला तीसरा स्थान प्राप्त किया था। गांव गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने में जनपद स्तर पर कार्य करने वाली स्वच्छाग्रही दीदियों का विशेष योगदान है। जुलाई माह की तेज बारिश के बावजूद स्वच्छाग्रही समूह अपने कार्यो को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन कर रही है। ग्राम पंचायत भ्रमण के समय में भी स्वच्छाग्रहियों के कार्यों का अवलोकन करता हूं,उनके कार्य सराहनीय है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर ने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सपनों को साकार करने स्वच्छाग्रहियों का योगदान किसी से छुपा नहीं है। महिला समूहों ने चरणबद्ध तरीके से कार्य योजना तैयार कर गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने में लगे हैं। संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा लगातार विकास खंड का दौरा कर स्वच्छता के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिसका सकारात्मक परिणाम आया है। गांव स्वच्छ व सुंदर दिखने लगा है। आप सभी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में फीड बैक देकर बालोद जिला को अग्रणी बनाने में सहयोग करें। कलस्टर अध्यक्ष व सचिव का योगदान सराहनीय एसबीएम के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने बताया कि गांव गांव में स्वच्छाग्रही समूह तक सूचना प्रसारण के लिए कलस्टर अध्यक्ष व सचिव बनाया गया है। वनांचल व सुदूर अंचल में मोबाईल नेटवर्क कमजोर होने के कारण वॉट्स ऐप में सूचना मिलने में विलम्ब हो जाता है। जिसके कारण कलस्टर अध्यक्ष व सचिव बनाया गया है। विकास खंड में 120 ग्राम पंचायत है। जिसे 10 कलस्टर में विभाजित किया गया है। इनके द्वारा 12 ग्राम पंचायतों के स्वच्छाग्रहियों को सूचना देने का कार्य किया जाता है। स्वच्छाग्रहियों के कार्यों की सतत निगरानी की जाती है।

- स्वच्छ सर्वेक्षण में फीड बैक करने महिला समूह का सराहनीय योगदान - पंकज देव

# पाररास की समिति के मदन अध्यक्ष व संतोष सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





पाररास बालोद में रचनात्मक गतिविधियों हेतु समिति का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष मदन साहू एवं पुर्व पार्षद संतोष कौशिक सचिव चुने गए। समिती में उपाध्यक्ष लोकनाथ साहू, कोषाध्यक्ष युगल किशोर साहू, सह सचिव लेखराज साहू, संरक्षक द्वय पार्षद कशिमुददीन कुरैशी एवं पुष्पा ईश्वर साहू बनाए गए।

नगरपालिका परिषद बालोद के वार्ड 1 एवं 20 पाररास घनी एवं बड़ी आबादी क्षेत्र है, जो 1977 से नगरीय निकाय के अन्तर्गत आता है यहा के रहवासीयो का रहन सहन ग्रामीण परिवेश की है, बड़ी आबादी मे विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए समिती का गठन सर्व सम्मति से पाररास के सभी सदस्यों की उपस्थिति में शीतला माता मंदिर प्रांगन में किया गया। उक्त समिती का कार्यकाल पांच वर्षो का होगा, जिसमें शीतला माता मंदिर पुजा अर्चना, ग़ौरी गौरा पुजन —षि क्षेत्र में फसलों के रख रखाव, कोटवारी कार्य पौनी पसारी व्यवस्था तथा पाररास क्षेत्र में शांति व्यवस्था हेतु छोटी मोटी आपसी वाद—विवाद, लड़ाई झगड़े निपटाने, शासन के विभिन्न जन कल्याण कारी योजनाओं से लाभान्वित कराने सहित शासन प्रशासन को सहयोग करने हेतु समिती का गठन सर्व सम्मति से किया गया है समिती के कार्यकारिणी में कुल 15 सदस्य बनाए गये है।

# चिल्हाटी स्कूल में बाल कैबिनेट का गठित, दुर्गेश बने प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र द्वारा, शाला नायक (प्रधान मंत्री) व अन्य कैबिनेट के पदों के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए निर्धारित समय दिया गया , जिसमें शाला के सभी बच्चों के द्वारा बाल कैबिनेट के सभी पदों के लिए निर्विरोध चुनाव की स्थिति बनी। जिसमें दुर्गेश कुमार कोसमा, कक्षा 8वीं को शाला नायक (प्रधानमंत्री), पद के लिए चुना गया।इसी प्रकार उप शाला नायक (उपप्रधान मंत्री)थानेश्वरी कक्षा 8वीं, कक्षा नायक 8वीं मुदित पटेल, उप कक्षा नायक 8वीं दोमिन, कक्षा नायक 7वीं सुभाष,उप कक्षा नायक 7वीं हिना, कक्षा नायक 6वी कर्णवीर, उप कक्षा नायक 6वी हेमलता , व खेल मंत्री मुदित पटेल व भवानी तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री मिनाक्षी कक्षा 8वीं, कानून मंत्री हेमचंद 8वीं, खाद्य मंत्री एवं मध्यान्ह भोजन प्रभारी मंत्री, माधुरी, समर 8वीं, किंजल,लेमन साहू 7वीं, डेविड, गरिमा 6वी, सांस्कृतिक मंत्री देवव्रत पटेल कक्षा 8वीं, दामिनी 8वीं, बागवानी मंत्री चोवा राम, कक्षा 8वीं, सर्व सम्मति से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया एवं शपथ ग्रहण कराया गया। प्रधान पाठक श्री रमन लाल धनेन्द्र द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को जिम्मेदारी देने से बच्चों में नेतृत्व गुण विकसित करने से उनके आत्मविश्वास, समस्या समाधान, कौशल टीम वर्क और जिम्मेदारी की भावना बढ़ती है।

इससे वे जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर ढंग से तैयार होते हैं और भविष्य में सफल होने की अधिक संभावना रखते हैं।बाल कैबिनेट के गठन से बच्चों को कई फायदे होते हैं यह न केवल उनके विकास में मदद करता है बल्कि उन्हें सामाजिक सांस्कृतिक और शैक्षणिक रूप से भी सशक्त बनाता है।इस अवसर पर शिक्षक नीलकंठ धनकर, जानकी देशमुख व धनेश्वरी यादव सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में उपस्थित थे।

# जनपद सभापति की पहल पर फ्री कोचिंग क्लास शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

जनपद सभापति गुलशन कुमार साहू व एक्सीलेंस एडटेक द्वारा शनिवार को विद्यार्थियों के भविष्य के लिए फ्री कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ गुण्डरदेही मे मे हुआ।

सभापति गुलशन साहू ने बताया कि फ्री कोचिंग क्लासेस का उद्देश्य है कि कोचिंग के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग कक्षाएं, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रें व छात्रें को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, जैसे जेईई, नीट, और अन्य के लिए मुफ्त कोचिंग प्रदान करना इसका मुख्य उद्देश्य है और साथ ही फ्री कोचिंग से छात्रें को बिना किसी वित्तीय बोझ के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का अवसर मिलता है और यह छात्रें को उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश पाने और बेहतर नौकरी के अवसर प्राप्त करने में मदद करता है। शुभारंभ अवसर पर जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, ओटेबंद मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, महामंत्री संजू चंद्राकर, थानसिंह मंडावी, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, सभापति अश्वनी कटहरे, किरन तारम, जनपद सदस्य रामेश्वर चंद्राकर, भूषण साहू, घनाराम साहू व स्कूली छात्र छात्र एवं पैरेंट्स मुख्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

# खोलझर में बाल कैबिनेट गठित, ईशांत बने पीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोलझर के प्रधानपाठक अर्जुन लाल देवांगन के निर्देशन एवं प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक हीरा लाल सिन्हा, शिक्षिका सुनीता अजगल्ले , कन्हैया लाल बारले , जमुना प्रसाद खरे, दया राम चुरेंद्र , राजकुमार चौरसिया की उपस्थिति में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। सर्वप्रथम सभी बच्चों से अपना मुखिया चुनने हेतु नाम आमंत्रित किया गया। नामांकन के आधार पर कुछ पदों पर मतदान प्रक्रिया एवं कुछ पदों पर सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री ईशांत देवांगन,उपप्रधानमंत्री हर्षिखा, वित मंत्री प्रकाश देवांगन एवं जान्हवी विश्वकर्मा,शिक्षामंत्री कांक्षी, क्रीड़ा मंत्री चेतन लाल ,साक्षी,चंचल, सांस्कृतिक मंत्री उषा देवांगन, हितेन्द्र यादव, भुनेश्वर एवं लक्ष्मी खरे, पर्यावरण व स्वच्छता मंत्री मंजित निर्मलकर, लेमन,योगिता, आशीष एवं अंजली, अनुशासन मंत्री वरुण कुमार, खाद्य मंत्री हर्षित,साक्षी देवांगन , डालेश्वरी, स्वास्थ्य मंत्री डुमेश्वर एवं चांदनी चुने गये। कक्षा नायक एवं उप कक्षा नायक के लिए छठवीं से इंदु देवांगन, श्रेयांश विश्वकर्मा ,भानुप्रताप साहू,सातवीं से कांक्षी एवं राज चंद्रवंशी,आठवीं से निखिल एवं वर्षा मनोनीत किए गए। अंत में बाल केबिनेट के सभी नवनियुक्त मंत्रियों को प्रधानपाठक द्वारा गुलदस्ता भेंट करते हुए गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। अजगल्ले मैडम द्वारा सभी मंत्रियों को शपथ दिलाकर उनके कर्तव्यों से अवगत कराया गया।

### ताला तोड़कर रेस्टोरेंट से 30 हजार की चोरी

**भिलाई।** बीती रात नया बस स्टैंड जीई रोड पर स्थित कृष्णा रेस्टोरेंट के शटर का ताला तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक तराजू, नगदी, चांदी की मूर्तियां, सिक्के, मिठाई समेत लगभग 30 हजार रुपए का सामान पार कर दिया। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि संचालक वीरेंद्र मिश्रा के रेस्टोरेंट में गल्ले में रखे 6-7 सौ रुपए नकद, दुकान के कई सामान पार हो गया। यह रेस्टोरेंट जीई रोड पर मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहां रातभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐक्जीमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### तकनीकी दक्षता से कार्यप्रणाली गतिशील होगी, लोगों को मिली सुविधा

# ई-समन प्रणाली व हाईकोर्ट पोर्टल पर दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ई—समन प्रणाली तथा हाईकोर्ट के जवाब, दावा पोर्टल के उपयोग एवं संचालन को लेकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न्यायिक प्रक्रिया में तकनीकी दक्षता एवं पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। पुलिस कार्यालय बालोद में एसपी योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में एएसपी मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सीएसपी राजहरा डॉ. चित्र वर्मा, डीएसपी बोनिफास एक्का तथा रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में जिले के समस्त थानों से संबंधित समन वारंट आरक्षक, कोर्ट मोहर्रिर, कोर्ट आरक्षक, सीसीएमएस (को केस मॉनिटरिंग सिस्टम) से जुड़े कार्मिक आदि पुलिसकमऍ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ई—समन प्रणाली के माध्यम से समन व वारंट की डिजिटल प्रक्रिया, त्वरित डिलीवरी एवं न्यायालयीन कार्यों की निगरानी हेतु सीसीएमएस पोर्टल की भूमिका, तथा हाईकोर्ट पोर्टल के माध्यम से जवाच्च व दावा भेजने की सम्पूर्ण प्रक्रिया पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों द्वारा मुख्य रूप से ई—संमन प्रणाली का परिचय एवं महत,पोर्टल पर केस मॉनिटरिंग की विधि, हाईकोर्ट पोर्टल के माध्यम से जवाब/दावा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया, डिजिटल दस्तावेज अपलोड करने के तकनीकी पहलू, न्यायिक समय सीमा का पालन एवं उत्तरदायित्व आदि बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी संबंधित पुलिसकर्मियों को डिजिटल न्यायिक प्रक्रियाओं के पति प्रशिक्षित करना, तकनीकी दक्षता बढाना और न्यायालयीन कार्यों में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना था। बालोद पुलिस द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है जो आने वाले समय में न्यायिक प्रक्रिया में सुगमता एवं गति लाने में सहायक सिद्ध होगा।

